Roll No. ............................

Total No. of Questions – **6**

Total No. of Printed Pages – **24**

Maximum Marks – **70**

## GENERAL INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. The question paper comprises two parts, Part I and Part II.
2. Part I comprises Multiple Choice Questions (MCQs).
3. Part II comprises questions which require descriptive answers.
4. Ensure that you receive the question paper relating to both the parts. If you have not received both, bring it to the notice of the invigilator.
5. Answers to MCQs in Part I are to be marked on the OMR answer sheet as given on the cover page of descriptive answer book only. Answers to questions in Part II are to be written in the same descriptive answer book. Answers to MCQs, if written inside the descriptive answer book will not be evaluated.
6. OMR answer sheet given on the cover page of descriptive answer book will be in English only for all candidates, including for Hindi medium candidates.
7. **The bar coded sticker provided in the attendance register, is to be affixed only on the descriptive answer book.**
8. You will be allowed to leave the examination hall only after the conclusion of the exam. If you have completed the paper before time, remain in your seat till the conclusion of the exam.
9. Duration of the examination is 3 hours. You will be required to submit the descriptive answer book with OMR cover page to the invigilator before leaving the exam hall, after the conclusion of the exam.
10. The invigilator will give you acknowledgement on Page 2 of the admit card, upon receipt of the descriptive answer book.
11. Candidate found copying or receiving or giving any help or defying instructions of the invigilators or having / using mobile phone or smart watch or any other electronic gadget will be expelled from the examination and will also be liable for further punitive action.

---

## PART – II

**70 Marks**

1. Question paper comprises **6** questions. Answer Question No. **1** which is compulsory and any **4** out of the remaining **5** questions.
2. Working notes should form part of the answer.
3. Answers to the questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be evaluated.



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

**PART – II**

1. (a) ABC Ltd., a listed company in the Indian manufacturing sector, has concluded its financial year ended 31st March 2025. The company is now considering declaring a final dividend of ₹ 3 per equity share, with a face value of ₹ 10 per share. Before proceeding, the Board of Directors seeks to ensure that the proposed dividend complies with all relevant provisions of the Companies Act, 2013, particularly those related to the permissible sources and conditions for dividend distribution. The summarized financial position of the company for FY 2024-25 is as follows : **5**

- Revenue from operations amounts to ₹ 10,000 lakhs, and
- Other income contributes an additional ₹ 1,000 lakhs, bringing the total income to ₹ 11,000 lakhs.
- The company has incurred expenses (excluding depreciation) of ₹ 8,000 lakhs, and Provided for depreciation of ₹ 1,200 lakhs, as per Schedule II of the Companies Act.
- The resulting profit before tax (PBT) stands at ₹ 1,800 lakhs, with a tax provision of ₹ 450 lakhs, leading to a net profit after tax (PAT) of ₹ 1,350 lakhs.

In addition to current year earnings, ABC Ltd. has accumulated retained earnings of ₹ 2,000 lakhs from previous financial years and holds free reserves (excluding any revaluation reserves) of ₹ 500 lakhs. The company has 100 lakh equity shares and the total proposed dividend payout amounts to ₹ 300 lakhs (i.e., ₹ 3 per share).



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

Based on the above information, analyse whether ABC Ltd. is eligible to declare dividends under the following scenarios in compliance with the Companies Act, 2013 :

(1) Out of the current year's profits.

(2) Out of the accumulated profits of previous years only.

Support your answer with appropriate provisions and calculations under the Companies Act, 2013.

(b) MNP Tech Ltd., a fast-growing start-up in Bangalore, recently issued equity shares at a premium of ₹ 200 per share, raising a Securities Premium balance of ₹ 10 crore. 5

The CFO proposes the following uses of the Securities Premium Account to manage the company's financial commitments and investor expectations :

(1) To write off advertisement expenses of ₹ 50 lakhs incurred during the product launch.

(2) To issue fully paid bonus shares worth ₹ 2 crore to the existing shareholders, as a gesture of goodwill.

(3) To provide ₹ 1.5 crore for the premium payable on redemption of preference shares.

(4) To distribute ₹ 1 crore as interim dividend since the company has not yet earned adequate profits.

As a legal advisor to the company, examine the validity of each proposed use with reference to the Companies Act, 2013.



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

(c) (i) Skynex Ltd., incorporated in India in 2024, is engaged in the manufacture of lithium batteries for two-wheeler. The company markets its products domestically and exports to Mexico. During the financial year 2025, the company engaged in the following transaction : **2×2 =4**

Commission paid to the agent in Mexico for the sale of the company's commercial plot in India to the tune of USD 50,000 against the inward remittance of USD 9,50,000 from Exchange Earners Foreign Currency (EEFC) Account.

Examine whether the above transaction is exempt from the approval of the RBI, with reference to the relevant provisions of FEMA, 1999.

(ii) Bob, a Director at Skynex Ltd., along with his wife, major son, and father, purchased a property in Mexico, holding equal shares in the property. They collectively remitted USD 1,000,000 during the financial year. Bob confirmed that all family members complied with the applicable terms and conditions, and the amount sent is within the limit prescribed for remitting funds to Mexico.

Examine whether Bob and his family members can remit USD 1,000,000 to Mexico in a single financial year without requiring any approval.



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

2. (a) Amrit Praksh Ltd. was incorporated in 1996 and its registered office is in Dehradun. For expanding the business in manufacturing Mobile equipment (including its Spare Parts) to mobile accessories also, it required capital and for this the Company issued 10,00,000 equity shares of ₹ 10 each at par to the public by issuing a prospectus. The prospectus discloses the minimum subscription amount of ₹ 50,00,000 required to be received on application of shares and share application money shall be payable at ₹ 5 per share. The prospectus further reveals that Amrit Praksh Ltd. has applied for listing of shares in recognized stock exchanges of which application has been rejected. **5**

The issue was fully subscribed and Amrit Praksh Ltd. received an amount of ₹ 50,00,000 on share application. Amrit Praksh Ltd., then proceeded for allotment of shares.

Examine the disclosures in the above case study which are the deciding factors in an allotment of shares and the consequences for violation, if any under the provisions of the Companies Act, 2013.

(b) PRT Ltd. is an eligible public company. The following details are available from its audited balance sheet as on 31st March 2024 : **5**

- Paid-up Share Capital : ₹ 20 crore
- Free Reserves : ₹ 8 crore
- Securities Premium Account : ₹ 2 crore
- Existing deposits from members : ₹ 2 crore
- Existing deposits from public (excluding members) : ₹ 5 crore



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

The company now proposes to accept further deposits during the year 2024-25 :

(1) ₹ 3 crore from its members; and

(2) ₹ 2 crore from persons other than members (general public).

You are required to examine, with reference to the relevant provisions of the Companies Act, 2013, whether the above proposal is valid. If not, calculate the maximum permissible deposits in each category.

(c) ABC Ltd. is in the business of manufacturing life-saving drugs. The company has its plant in Kerala. The turnover for the last financial year crossed ₹ 52 crore. During the first quarter of the current financial year (2024-2025), the company's turnover has already reached ₹ 50 crore. ABC Ltd. is expecting its turnover to reach ₹ 200 crore for the financial year 2024-25. 4

The company held its Board meeting on August 1, 2024, and decided to appoint a cost auditor for the financial year 2024-25.

(1) According to the General Clauses Act, 1897, by what date must ABC Ltd. file the cost auditor appointment, and how is this timeline calculated ?

(2) ABC Limited's failure to appoint a cost auditor, where it is statutorily required, constitutes an offence under Section 148 of the Companies Act, 2013. What is meant by "offence" under the General Clauses Act, 1897 ?



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

3. (a) A group of five professionals decided to start a private limited company in the anti-drone solutions sector under the name Ddrone Pvt. Ltd. in April 2025. The company wants to have its registered office in Mumbai. On April 2, 2025, it applied for name reservation through RUN (Reserve Unique Name) and received approval on April 6, 2025. On May 15, 2025, due to a delay in documentation, the SPICe+ (Simplified Proforma for Incorporating Company Electronically) Plus (INC-32) form for incorporation was filed after 39 days from the date of name reservation. **1+2+2=5**

The company proposed two directors, one Indian resident, one foreign national residing in the U.S. The foreign director did not have a DIN, and his passport was notarized but not apostiled. The company's registered office address was not finalized at the time of filing INC-32. Memorandum of Association and Articles of Association (MoA and AoA) were signed electronically, but one subscriber used a digital signature of a third party (his consultant), with verbal consent.

Based on the above facts and applicable provisions of the Companies Act, 2013, answer the following questions :

(i) Was the name Ddrone Pvt. Ltd. still valid when INC-32 was filed on May 15, 2025 ?

(ii) Is it mandatory to provide the company's registered office address at the time of incorporation ? What is the time limit to furnish it otherwise ?

(iii) What are the consequences if the company fails to file the declaration for commencement of business within the prescribed time, and fails to carry on any business or operations ?



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

(b) LMN Ltd. created a charge on one of its plant and machinery in favour of a financial institution. The company secretary was on leave when the charge was created. To avoid delay, an accounts officer of the company entered the particulars of the charge in the Register of Charges without any authorisation of the Board. **5**

Later, a dispute arose between two creditors regarding priority of charges. One creditor challenged the validity of the Register entries, claiming that the entries were unauthorised and not duly authenticated as per law.

Based on the Companies (Registration of Charges) Rules, 2014, examine whether the entry made in the Register of Charges, by the accounts officer is legally valid and what consequences may follow in case of non-authentication ?

(c) Write any four differences between The Rule of Beneficial Construction and Rule of Exceptional Construction. **4**

4. (a) The Board of Directors of XYZ Petrochemicals Limited consists of Mr. R (Managing Director), Mr. N (Director), Mr. P (Director), Mr. A (Chairperson), Mr. D (Chief Financial Officer, not a director) and Mr. C (Company Secretary). The Board as a policy does not authorize the chairperson of the company to sign the financial statements. The Profit and Loss Account and Balance Sheet of the company were signed by Mr. N, Mr. P and Mr. A. Examine whether the authentication of financial statements of the company was in accordance with the provisions of the Companies Act, 2013. **5**

What would be your answer in case the company is a One Person Company (OPC) and has only one Director, who has authenticated the Balance Sheet and Statement of Profit & Loss and the Board's Report ?



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

(b) ABC LLP is engaged in the business of providing software consulting services. Due to an economic slowdown, the LLP is unable to meet its obligations towards some creditors. The management of ABC LLP proposes a compromise arrangement with its creditors to restructure its outstanding debts by extending repayment periods and waiving a portion of interest. 5

The LLP files an application before the National Company Law Tribunal (NCLT), seeking directions to convene a meeting of its creditors.

At the meeting, creditors representing 80% of the total value of debts agree to the proposed arrangement. The Tribunal, after ensuring that all material facts including the LLP's latest financial statements and the disclosure of pending tax investigations have been presented, sanctions the compromise.

However, ABC LLP fails to file the Tribunal's order with the Registrar within the prescribed period. Examine the validity of compromise or arrangement approved by the creditors and sanctioned by the Tribunal with reference to the Limited Liability Partnership Act, 2008. Also explain the effect of failure by ABC LLP to file the Tribunal's order to the Registrar.

(c) Statutory interpretation becomes essential when the language of a statute is unclear or leads to ambiguity. Discuss the circumstances under which the interpretation of statutes is applied. 4



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

5. (a) Zen Tech Ltd., a company incorporated in Singapore, has a branch office in Bengaluru, India. The financial year of the company ends on 31st March 2025. As per the provisions of the Companies Act, 2013, Zen Tech Ltd. is required to file certain documents with the Registrar of Companies (ROC) every year. However, due to internal audit delays in its Singapore headquarters, the company could not finalize its financial statements by the end of September 2025. **5**

The management seeks clarification on the following points :

(1) What documents need to be filed by Zen Tech Ltd. along with its financial statements, with the Registrar ?

(2) By what time should these documents normally be filed ?

Examine it as per the provisions of the Companies (Registration of Foreign Companies) Rules, 2014.

(b) Amit and Priya are partners in XYZ LLP, a consulting firm. Recently, Priya moved to a new address but forgot to notify the LLP within the required period. A month later, Amit's cousin, Ramesh, expressed interest in joining XYZ LLP as a partner, and after a few discussions, he was accepted as a new partner. However, XYZ LLP did not immediately update the Registrar of Companies (ROC) regarding Priya's address change or Ramesh's admission as a partner. After 45 days of joining Mr. Ramesh, the LLP filed a notice with the ROC about these changes. Advise the LLP about the default on part of LLP about the non-compliance in respect to not informing the ROC about : **5**

(i) Whether Ms. Priya contravene any provision regarding address change ?

(ii) Default on non-compliance in Mr. Ramesh's admission as a partner.



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

(c) Under an enactment, an excise duty of ₹ 10 is levied on every 100 litres of a certain chemical produced in a factory. During inspection, it was found that Factory A had produced 350 litres of that chemical but had paid duty only for 300 litres, arguing that the Act only specifies duty per 100 litres and does not mention fractional quantities. 4

With reference to the General Clauses Act, 1897, determine whether the factory is liable to pay excise duty on the remaining 50 litres. Support your answer with reasoning.

6. (a) (i) Monika Solutions Pvt. Ltd. is registered as a One Person Company (OPC) under the Companies Act, 2013. Mr. Gautam Kumar is the sole member and director of the company. With the financial year ending on 31st March 2025, the company is preparing to comply with its annual filing and disclosure requirements. 3

Mr. Gautam Kumar is uncertain, whether his company is required to hold an Annual General Meeting (AGM) or there are any other alternative procedures that his company can follow. As a financial advisor, please advise Mr. Gautam Kumar on this matter.

(ii) What is the difference between a motion and a resolution ? 2

**OR**

6. (a) (i) Saras Ventures Ltd., a public limited company incorporated under the Companies Act, 2013, has a Board comprising seven directors. A group of shareholders holding 1.2% of the total voting power has expressed dissatisfaction with one of the directors, Mr. Ankur Chabra, and has proposed his removal under Section 169 of the Companies Act, 2013. 3



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

The company's Annual General Meeting (AGM) is scheduled for 25th August 2025. On 1st August 2025, the company received a special notice under Section 115, proposing an ordinary resolution for the removal of Mr. Ankur Chabra at the upcoming AGM. However, the company subsequently failed to notify its members of the special notice.

With reference to the applicable provisions of the Companies Act, 2013, examine the validity of the special notice.

(ii) What are the consequences of failure to notify the members about the special notice ? **2**

(b) RMP Private Limited is an unlisted company having : **5**

- Paid-up share capital of ₹ 6 crore, and
- Annual turnover of ₹ 90 crore.

The company is not required to prepare its financial statements as per the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015.

The company filed its financial statements for the financial year 2024-25 in Form AOC-4 (normal form) instead of Form AOC-4 XBRL.

State the classes of companies required to file financial statements and documents in XBRL format under Section 137 of the Companies Act, 2013 and examine whether RMP Private Limited has complied with the applicable legal provisions.

(c) Examine the given situations in the light of the FEMA, 1999 : **2+2 =4**

(1) Bhargav Ltd. had total foreign exchange earnings of USD 12,000,000 in the last three financial years. What is the maximum amount the company can donate without RBI approval ?

(2) Preeto Ltd. wants to make remittances 6% of investment brought into India. Does it need RBI approval ?



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

## भाग – II

## (Hindi Version)

1. (a) ABC लि., भारतीय निर्माण क्षेत्र की एक सूचीबद्ध कम्पनी है, जिसने 31 मार्च, 2025 को अपना वित्तीय वर्ष समाप्त किया । कम्पनी अब, ₹ 10 अंकित मूल्य वाले अंश पर, ₹ 3 प्रति समता अंश अंतिम लाभांश की घोषणा करने का विचार कर रही है । आगे बढ़ने से पूर्व, निदेशक मण्डल यह सुनिश्चित करना चाहता है कि प्रस्तावित लाभांश कम्पनी अधिनियम, 2013 के सभी प्रावधानों, विशेष रूप से स्वीकृत स्रोतों और लाभांश वितरण की शर्तों, की अनुपालना करता है । कम्पनी की वित्तीय वर्ष 2024-25 की संक्षिप्त वित्तीय स्थिति इस प्रकार है : 5

- व्यावसायिक क्रियाओं से प्राप्त आय ₹ 10,000 लाख, तथा
- अन्य आय से प्राप्त अतिरिक्त अंशदान ₹ 1,000 लाख, जिससे कुल आय ₹ 11,000 लाख हो गई ।
- कम्पनी के उपार्जित व्यय (ह्रास छोड़कर) ₹ 8,000 लाख और कम्पनी अधिनियम की अनुसूची II के अनुसार ह्रास के लिए प्रावधान ₹ 1,200 लाख ।
- जिसके परिणामस्वरूप कम्पनी का कर पूर्व लाभ (PBT) ₹ 1,800 लाख रहा, कर के लिए ₹ 450 लाख का प्रावधान, जिससे कम्पनी का कर पश्चात् शुद्ध लाभ ₹ 1,350 लाख रहा ।

वर्तमान वर्ष की आय के अतिरिक्त, ABC लि. के पास पिछले वर्षों से जमा आय ₹ 2,000 लाख है और मुक्त संचय (किसी पुनर्मूल्यांकन संचय को छोड़कर) ₹ 500 लाख है । कम्पनी के पास 100 लाख समता अंश है और कुल प्रस्तावित लाभांश देने की राशि ₹ 300 लाख (₹ 3 प्रति अंश) है ।



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

उपरोक्त सूचनाओं के आधार पर, विश्लेषण करें कि क्या ABC लि. कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुपालना करते हुए निम्न दशाओं में लाभांश वितरित करने के योग्य है :

(1) वर्तमान वर्ष के लाभों में से

(2) केवल पिछले वर्षों के संचित लाभों में से

अपने उत्तर को कम्पनी अधिनियम, 2013 के उपयुक्त प्रावधानों के संदर्भ में और उचित गणनाओं के साथ स्थापित करें।

(b) MNP Tech लि. बैंगलोर में तेजी से विकसित एक start-up है, जिसने हाल ही में समता अंश ₹ 200 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किए, जिससे प्रतिभूति प्रीमियम शेष ₹ 10 करोड़ हो गया।

कम्पनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (CFO) ने कम्पनी की वित्तीय प्रतिबद्धताओं और निवेशकों की अपेक्षाओं का प्रबन्धन करते हुए प्रतिभूति प्रीमियम खाते के निम्नलिखित प्रयोग प्रस्तावित किए :

(1) नए उत्पाद के शुरुआती अवसर पर खर्चे गए ₹ 50 लाख के विज्ञापन व्यय को पूर्णत: समाप्त करना।

(2) सद्भावना-प्रदर्शन के रूप में वर्तमान अंशधारियों को ₹ 2 करोड़ मूल्य के पूर्णत: चुकता बोनस अंश निर्गमित करना ।

(3) पूर्वाधिकार अंशों के शोधन पर देय ₹ 1.5 करोड़ प्रीमियम का भुगतान करना।

(4) क्योंकि कम्पनी ने अभी तक पर्याप्त लाभ अर्जित नहीं किए हैं इसलिए ₹ 1 करोड़ का अन्तरिम लाभांश वितरण।

कम्पनी के कानूनी सलाहकार होने के नाते, कम्पनी अधिनियम, 2013 के सन्दर्भ में प्रत्येक प्रस्तावित प्रयोग की वैधता की जाँच करें।



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

(c) (i) Skynex लि., जो कि दोपहिया वाहनों के लिए लीथियम बैटरी के निर्माण में कार्यरत है, भारत में 2024 में समामेलित हुई । कम्पनी अपने उत्पादों का विपणन भारत में और मैक्सिको को निर्यात करती है । वित्तीय वर्ष 2025 के दौरान, कम्पनी निम्नलिखित व्यवहारों में संलग्न थी : 2×2 =4

एक्सचेंज अर्नर्स फॉरेन करेंसी (ई ई एफ सी) खाते में आगम प्राप्ति के USD 9,50,000 में से भारत में बेचे गए कम्पनी के व्यावसायिक प्लॉट के लिए मैक्सिको में एजेण्ट को USD 50,000 का कमीशन भुगतान

FEMA, 1999 के प्रावधानों के संदर्भ में निरीक्षण करें कि क्या उपरोक्त व्यवहार RBI की स्वीकृति से छूट-प्राप्त है ।

(ii) Skynex लि. के निदेशक Bob ने Mexico में एक सम्पत्ति अपनी पत्नी, वयस्क पुत्र और पिता के साथ बराबर-बराबर अंश रखते हुए खरीदी । वित्तीय वर्ष के दौरान उन्होंने सामूहिक रूप से USD 1,000,000 का भुगतान किया । Bob ने स्वीकार किया कि सभी पारिवारिक सदस्यों ने उपयुक्त नियम और शर्तों का पालन किया है और भेजी गई राशि Mexico को भेजी जाने वाली निर्धारित सीमा के भीतर है ।

निरीक्षण करें कि क्या Bob और उसके पारिवारिक सदस्य बिना किसी अनुमति के एक वित्तीय वर्ष में Mexico को USD 1,000,000 भेज सकते हैं ।



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

2. (a) Amrit Praksh लि. का समामेलन 1996 में हुआ और इसका पंजीकृत कार्यालय देहरादून में है । मोबाइल उपकरणों (अतिरिक्त पूर्जों सहित) के निर्माण के व्यवसाय (मोबाइल सहयोगी वस्तुएँ भी) के निर्माण के विस्तार के लिए, इसे पूँजी की आवश्यकता थी और इसके लिए कम्पनी ने प्रविवरण जारी करके ₹ 10 प्रति की दर से सम मूल्य पर 10,00,000 समता अंश निर्गमित किए । प्रविवरण में बताया गया कि अंशों के प्रार्थना-पत्र पर ₹ 50,00,000 की न्यूनतम अभिदान राशि प्राप्त होगी और अंश प्रार्थना-पत्र राशि ₹ 5 प्रति अंश होगी । प्रविवरण में यह भी बताया गया कि Amrit Praksh लि. ने एक मान्यता-प्राप्त स्टॉक-एक्सचेंज में अंशों को सूचीबद्ध करने के लिए आवेदन किया जिसका आवेदन-पत्र अस्वीकार हो चुका है । **5**

निर्गमन पूर्णतः अभिदानित था और Amrit Praksh लि. ने अंश प्रार्थना-पत्र पर ₹ 50,00,000 की राशि प्राप्त की । Amrit Praksh लि. तब अंशों के आबंटन की ओर बढ़े ।

निरीक्षण करें कि उपरोक्त केस अध्ययन में बताए गए तथ्यों में से कौन से अंशों के आबंटन के लिए निर्धारक तत्त्व हैं और कम्पनी अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत नियमों के उल्लंघन, यदि कोई हो, तो क्या परिणाम होंगे ?

(b) PRT लि. एक पात्र सार्वजनिक कम्पनी है । कम्पनी के अंकेक्षित स्थिति विवरण में से 31 मार्च, 2024 को निम्न विवरण उपलब्ध हुए : **5**

- चुकता अंश पूँजी : ₹ 20 करोड़
- मुक्त संचय : ₹ 8 करोड़
- प्रतिभूति प्रीमियम खाता : ₹ 2 करोड़
- सदस्यों से प्राप्त वर्तमान जमा राशि : ₹ 2 करोड़
- जनता (सदस्यों को छोड़कर) से प्राप्त वर्तमान जमा राशि : ₹ 5 करोड़



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

कम्पनी वर्ष 2024-25 के दौरान और जमा राशि प्राप्त करने का प्रस्ताव रखती है :

(1) अपने सदस्यों से ₹ 3 करोड़, और

(2) सामान्य जनता से (सदस्यों को छोड़कर) ₹ 2 करोड़

कम्पनी अधिनियम, 2013 के उपयुक्त प्रावधानों के संदर्भ में आप निरीक्षण करें कि क्या उपरोक्त प्रस्ताव वैध है । यदि नहीं, तो प्रत्येक श्रेणी में अधिकतम स्वीकार्य जमा राशि की गणना करें ।

(c) ABC लि. जीवन रक्षक दवाओं के निर्माण का व्यवसाय कर रही है । कम्पनी का प्लांट केरल में है । पिछले वित्तीय वर्ष में कुल बिक्री ₹ 52 करोड़ से अधिक थी । वर्तमान वित्तीय वर्ष (2024-2025) की प्रथम तिमाही के दौरान, कम्पनी की कुल बिक्री पहले से ही ₹ 50 करोड़ तक पहुँच चुकी है । ABC लि. का अनुमान है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में इसकी कुल बिक्री ₹ 200 करोड़ तक पहुँच जाएगी । 4

कम्पनी ने 1 अगस्त, 2024 को अपनी बोर्ड मीटिंग बुलाई और वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लागत अंकेक्षक की नियुक्ति का निश्चय किया ।

(1) सामान्य खण्ड अधिनियम, 1897 के अनुसार, किस तिथि तक ABC लि. को लागत अंकेक्षक की नियुक्ति फाइल (file) करनी होगी और इस समय-सीमा की गणना कैसे की जाएगी ?

(2) ABC लि. द्वारा लागत अंकेक्षक को नियुक्त न कर पाने की दशा में, जहाँ यह वैधानिक रूप से अनिवार्य है, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के अन्तर्गत यह एक अपराध बन जाता है । सामान्य खण्ड अधिनियम, 1897 के अन्तर्गत "अपराध" से क्या अभिप्राय है ?



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

3. (a) पाँच पेशेवरों के एक समूह ने अप्रैल 2025 में anti-drone solutions क्षेत्र में Ddrone प्रा.लि. के नाम से एक निजी दायित्व वाली कम्पनी प्रारम्भ करने का निर्णय लिया। कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय मुम्बई में है। अप्रैल 2, 2025 को कम्पनी ने नाम आरक्षित करने के लिए RUN (रिज़र्व यूनिक नेम) के द्वारा आवेदन किया और 6 अप्रैल, 2025 को अनुमोदन प्राप्त किया। 15 मई, 2025 को प्रपत्रों में देरी के कारण, SPICe+ (Simplified Proforma for Incorporating Company Electronically) और (INC-32) निगमन के लिए फॉर्म, नाम आरक्षण की तारीख के 39 दिन बाद, फाइल किया गया। **1+2 +2=5**

कम्पनी ने दो संचालकों, एक भारतीय निवासी, एक विदेशी नागरिक जो अमरीका में रहता है, का प्रस्ताव रखा। विदेशी संचालक के पास DIN नहीं है और उसका पासपोर्ट नोटरी से तो प्रमाणित किन्तु अपोस्टाईल्ड (apostiled) नहीं था। कम्पनी द्वारा INC-32 जमा कराते समय तक उसके पंजीकृत कार्यालय का पता निश्चित नहीं था। पार्षद सीमानियम और अन्तर्नियम इलेक्ट्रॉनिकली हस्ताक्षरित थे, किन्तु एक सदस्य ने तृतीय पक्ष (उसके परामर्शकर्ता) के digital हस्ताक्षर का प्रयोग उसकी मौखिक सहमति के आधार पर किया।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर और कम्पनी अधिनियम, 2013 के उपयुक्त प्रावधानों के अनुसार निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दें :

(i) क्या Ddrone प्रा.लि. नाम अब भी वैध था जबकि INC-32 15 मई, 2025 को जमा करवाया गया था ?

(ii) क्या कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय का पता समामेलन के समय बताना अनिवार्य है ? अन्यथा इसके बताने की तय समय सीमा क्या है ?

(iii) कम्पनी द्वारा निर्धारित समय सीमा में व्यवसाय के प्रारम्भ की घोषणा फाइल न करने; तथा व्यवसाय या व्यावसायिक क्रियाओं को न करने के क्या परिणाम होंगे ?



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

(b) LMN लि. ने अपने किसी एक प्लांट और मशीनरी पर वित्तीय संस्थान के पक्ष में एक प्रभार निर्मित किया । प्रभार निर्मित करते समय कम्पनी सचिव छुट्टी पर था । देरी को रोकने के लिए, कम्पनी के लेखा-अधिकारी ने प्रभारों के रजिस्टर में प्रभार के विवरण, बोर्ड से अधिकृत करवाये बिना, दर्ज किए । 5

बाद में दो लेनदारों के बीच प्रभार की प्राथमिकता को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ और एक लेनदार ने दर्ज किए प्रभार की प्रविष्टियों को चुनौती दी और यह दावा किया कि प्रविष्टियाँ अनधिकृत थीं और कानून के अनुसार सही प्रकार प्रमाणिक नहीं थीं ।

कम्पनी (प्रभारों का पंजीकरण) नियम, 2014 के आधार पर जाँच करें कि क्या लेखा-अधिकारी द्वारा प्रभारों के रजिस्टर में की गई प्रविष्टि कानूनी रूप से वैध है और अधिकृत न होने की दशा में क्या परिणाम होंगे ?

(c) लाभकारी निर्माण के नियम और असाधारण निर्माण के नियम में कोई चार अन्तर लिखें । 4

4. (a) XYZ Petrochemicals लि. के निदेशक मण्डल में मि. R (प्रबन्ध निदेशक), मि. N (निदेशक), मि. P (निदेशक), मि. A (अध्यक्ष), मि. D (मुख्य वित्तीय अधिकारी, निदेशक नहीं) और मि. C (कम्पनी सचिव) सम्मिलित थे । बोर्ड, नीति अनुसार, कम्पनी के किसी भी अध्यक्ष को वित्तीय विवरण पर हस्ताक्षर करने के लिए अधिकृत नहीं करता है । कम्पनी के लाभ-हानि खाता और स्थिति विवरण पर मि. N, मि. P और मि. A ने हस्ताक्षर किए । निरीक्षण करें कि क्या वित्तीय विवरण कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुरूप प्रमाणिक है । 5

आपका उत्तर क्या होगा यदि कम्पनी एकल व्यक्ति कम्पनी (OPC) हो और केवल एक निदेशक हो, जिसने स्थिति विवरण, लाभ-हानि विवरण और संचालक रिपोर्ट को प्रमाणिक किया हो ?



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

(b) ABC LLP सॉफ्टवेयर परामर्श सेवा प्रदाता के व्यवसाय में कार्यरत है । आर्थिक मंदी के कारण, LLP कुछ लेनदारों के प्रति अपनी देयताओं का पालन करने में असमर्थ है । ABC LLP के प्रबन्ध ने अदत्त ऋणों की संरचना में पुनर्भुगतान अवधि को बढ़ाने और ब्याज के एक हिस्से को माफ करने के बारे में लेनदारों से समझौते का एक प्रस्ताव रखा । LLP ने राष्ट्रीय कम्पनी विधि ट्रिब्यूनल को आवेदन किया कि वो लेनदारों की मीटिंग के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दें । 5

बैठक में, लेनदार जो कि कुल ऋण मूल्य का 80% प्रतिनिधित्व करते थे, प्रस्तावित समझौते के लिए सहमत हो गए । ट्रिब्यूनल ने यह सुनिश्चित करने के बाद कि सभी आवश्यक तथ्यों, LLP के नवीनतम वित्तीय विवरणों और बकाया कर जाँचों के प्रकटीकरण को प्रस्तुत कर दिया गया है, समझौते पर मंजूरी दे दी ।

जबकि ABC LLP ट्रिब्यूनल के आदेश को LLP के रजिस्ट्रार के पास निश्चित समय सीमा में जमा करवाने में असफल रही । समझौते अथवा लेनदारों द्वारा मान्य व्यवस्था और सीमित देयता भागीदारी अधिनियम, 2008 के संदर्भ में ट्रिब्यूनल द्वारा दी गई मंजूरी की वैधता की जाँच करें । ABC LLP द्वारा ट्रिब्यूनल के आदेश को रजिस्ट्रार के पास जमा न कराने के प्रभाव का भी वर्णन करें ।

(c) वैधानिक व्याख्या तब अनिवार्य हो जाती है जब संविधि की भाषा अस्पष्ट हो या संदिग्धार्थ की ओर बढ़ती है । उन दशाओं का वर्णन करें जिनके अन्तर्गत संविधियों की व्याख्या लागू होती है । 4



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

5. (a) Zen Tech Ltd., सिंगापुर में निगमित कम्पनी है, जिसका शाखा कार्यालय बैंगलुरु, भारत में है । कम्पनी का वित्तीय वर्ष 31 मार्च, 2025 को समाप्त होता है । कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार Zen Tech लि. को कुछ निश्चित प्रपत्र कम्पनियों के रजिस्ट्रार के पास प्रति वर्ष जमा करवाने होंगे । जबकि इसके सिंगापुर मुख्यालय में आन्तरिक अंकेक्षण में देरी के कारण, कम्पनी अपने वित्तीय विवरणों को सितम्बर 2025 के अन्त तक अन्तिम रूप नहीं दे पाई । 5

प्रबन्ध निम्नलिखित बिन्दुओं पर आपसे स्पष्टीकरण चाहता है :

(1) Zen Tech लि. को रजिस्ट्रार के पास वित्तीय विवरणों के साथ कौन से प्रपत्र जमा करने होंगे ?

(2) इन प्रपत्रों को सामान्यतः किस समय अवधि में जमा करना चाहिए ?

कम्पनी (विदेशी कम्पनी पंजीकरण) नियम, 2014 के प्रावधानों के अनुसार इसकी जाँच करें ।

(b) अमित और प्रिया XYZ LLP (एक परामर्शदाता फर्म) में साझेदार हैं । हाल ही में, प्रिया नए पते पर चली गई किन्तु इसकी सूचना आवश्यक समय सीमा के भीतर LLP को देना भूल गई । एक मास पश्चात् अमित के चचेरे भाई, रमेश ने साझेदार के रूप में XYZ LLP में जुड़ने की इच्छा व्यक्त की और कुछ विचार-विमर्श के पश्चात्, उसे नए साझेदार के रूप में स्वीकृति मिल गई । जबकि XYZ LLP ने कम्पनियों के रजिस्ट्रार को प्रिया के पता परिवर्तन की अथवा रमेश के साझेदार के रूप में प्रवेश की तुरन्त कोई सूचना नहीं दी । मि. रमेश के प्रवेश के 45 दिन पश्चात् LLP ने इन परिवर्तनों का नोटिस रजिस्ट्रार के पास जमा करवाया । LLP द्वारा ROC को सूचना देने की अनुपालना न करने के उल्लंघन संबंधी, LLP को परामर्श दें : 5

(i) क्या सुश्री Priya ने पता परिवर्तन सम्बन्धी प्रावधानों का उल्लंघन किया है ?

(ii) मि. रमेश के साझेदार के रूप में प्रवेश संबंधी अनुपालना न करने का दोष ।



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

(c) एक कानून के अन्तर्गत, एक फैक्ट्री में उत्पादित रसायन के प्रति 100 लीटर पर ₹ 10 का उत्पादन शुल्क लगाना अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान, यह पाया गया कि फैक्ट्री A ने 350 लीटर वह रसायन उत्पादित किया किन्तु 300 लीटर पर ही उत्पादन शुल्क दिया। तर्क यह दिया कि अधिनियम केवल प्रति 100 लीटर पर उत्पादन शुल्क की व्याख्या करता है, Fractional मात्रा पर उत्पादन शुल्क नहीं बताता। **4**

सामान्य खण्ड अधिनियम, 1897 के संदर्भ में, निर्धारित करें कि क्या फैक्ट्री बचे हुए 50 लीटर पर उत्पादन शुल्क देने के लिए उत्तरदायी है। अपने उत्तर को तर्क आधारित रखें।

6. (a) (i) Monika Solutions प्रा.लि. कम्पनी अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत एकल व्यक्ति कम्पनी (OPC) के रूप में पंजीकृत हुई। मि. Gautam Kumar कम्पनी के अकेले सदस्य और निदेशक हैं। 31 मार्च, 2025 को समाप्त होते वित्तीय वर्ष के लिए कम्पनी वार्षिक फाइलिंग (filing) और घोषणा आवश्यकताओं की अनुपालना संबंधी तैयारी कर रही है। **3**

मि. Gautam Kumar को यह निश्चित नहीं है कि क्या उनकी कम्पनी के लिए वार्षिक साधारण सभा करना अनिवार्य है अथवा कोई अन्य वैकल्पिक व्यवस्था है जिसे कम्पनी के द्वारा अपनाया जा सके। एक वित्तीय परामर्शदाता के रूप में कृपया मि. Gautam Kumar को इस संबंध में परामर्श दें।

(ii) प्रस्ताव (motion) और संकल्प (resolution) में क्या अन्तर है ? **2**

**अथवा**

6. (a) (i) Saras Ventures लि., कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत एक सीमित दायित्व वाली कम्पनी के रूप में निगमित हुई जिसके बोर्ड में 7 निदेशक हैं। अंश-धारकों के एक समूह के पास कुल मत शक्ति का 1.2% भाग है, ने निदेशकों में से एक मि. Ankur Chabra के साथ असंतुष्टि व्यक्त की और कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 169 के अन्तर्गत उसे हटाने का प्रस्ताव रखा। **3**



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

कम्पनी की वार्षिक साधारण सभा 25 अगस्त, 2025 को होनी थी । 1 अगस्त 2025 को कम्पनी ने धारा 115 के अन्तर्गत एक विशेष नोटिस प्राप्त किया, जिसमें प्रस्तावित AGM में मि. Ankur Chabra को साधारण संकल्प के माध्यम से हटाने का प्रस्ताव था । जबकि कम्पनी अपने सदस्यों को इस विशेष नोटिस की सूचना नहीं दे पाई ।

कम्पनी अधिनियम, 2013 के उपयुक्त प्रावधानों के संदर्भ में विशेष नोटिस की वैधता का परीक्षण कीजिए ।

(ii) सदस्यों को विशेष नोटिस की सूचना न देने के क्या परिणाम होंगे ? 2

(b) RMP प्रा. लि. एक असूचीबद्ध कम्पनी है जिसकी : 5

- चुकता अंश पूँजी ₹ 6 करोड़ है, और
- वार्षिक बिक्री ₹ 90 करोड़ है

कम्पनी को कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 के अनुसार वित्तीय विवरण बनाना आवश्यक नहीं है ।

कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए फॉर्म AOC-4 XBRL के स्थान पर फॉर्म AOC-4 (सामान्य फॉर्म) जमा कराया ।

उन श्रेणियों की कम्पनी का उल्लेख करें जिन्हें कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 137 के अन्तर्गत वित्तीय विवरण और प्रपत्र XBRL प्रारूप में भरने आवश्यक होते है और निरीक्षण करें कि क्या RMP प्रा.लि. ने उपयुक्त वैधानिक प्रावधानों का पालन किया है ।

(c) FEMA, 1999 के संदर्भ में दी गई स्थितियों का आकलन करें : 2+2 =4

(1) Bhargav लि. की पिछले तीन वित्तीय वर्षों की कुल विदेशी विनिमय आय USD 12,000,000 है । कम्पनी बिना RBI की अनुमति के कितनी राशि दान दे सकती है ?

(2) Preeto लि. भारत में लाए गए विनियोग का 6% बाहर प्रेषित करना चाहती है । क्या इसके लिए RBI की अनुमति आवश्यक है ?



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching

# DEN2(H)

रोल नं. ..............................

कुल प्रश्नों की संख्या – 6

कुल पृष्ठ – 24

अधिकतम अंक – 70

## अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. प्रश्न-पत्र के दो भाग हैं, Part-I और Part-II.
2. Part-I में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं ।
3. Part-II में वर्णनात्मक प्रकार के उत्तर की अपेक्षा वाले प्रश्न हैं ।
4. सुनिश्चित करें कि दोनों भागों से संबंधित प्रश्न-पत्र आपने प्राप्त किया है । यदि आपने दोनों भाग प्राप्त नहीं किये हैं तो निरीक्षक के ध्यान में लावें।
5. Part-I के प्रश्नों के उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर चिह्नित करने हैं जो कि वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । Part-II के प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखने हैं । बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के भीतर लिखने पर उनका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. OMR उत्तर-पत्र, जो कि वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । सभी अभ्यर्थियों के लिए, हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों सहित, केवल अंग्रेजी में होगा ।
7. **उपस्थिति पंजीयक में दिया बार कोड स्टीकर वर्णनात्मक प्रकार उत्तर-पुस्तिका पर लगाया जाएगा ।**
8. परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् ही आपको परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति होगी । यदि आपने समय से पूर्व पेपर पूर्ण कर लिया है तो भी आपको अपनी सीट पर ही बैठना होगा ।
9. परीक्षा की अवधि 3 घंटे है । आपको परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् परीक्षा कक्ष छोड़ने के पूर्व निरीक्षक को वर्णनात्मक उत्तरों वाली उत्तर-पुस्तिका मुख्य पृष्ठ सहित जमा कराना आवश्यक है ।
10. उपर्युक्त दर्शित सामग्री की प्राप्ति पर, निरीक्षक प्रवेश-पत्र के पृष्ठ 2 पर अभिस्वीकृति प्रदान करेगा ।
11. अभ्यर्थी नकल करते या किसी प्रकार की सहायता देते या प्राप्त करते या निरीक्षक के निर्देशों की अवज्ञा करते अथवा मोबाईल फोन या स्मार्ट वॉच या कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित/उपयोग करते पाया गया, तो परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा और इसके अतिरिक्त दंडात्मक कार्यवाही के लिए भी उत्तरदायी होगा ।

---

## भाग – II

**70 अंक**

1. भाग-**II** में **6** प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है तथा शेष **5** प्रश्नों में से किन्हीं **4** का उत्तर देना है ।
2. कार्यशील टिप्पणियाँ उत्तर का भाग मानी जायेंगी ।
3. उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं । वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है, तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।



CAclubindia Academy Call Us: 088803-20003 www.CAclubindia.com/coaching